# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा–मा/संस्था/एफ–1/12102/व0अ0/हिन्दी/2011–12 दिनांक 25/09/2023

**संयुक्त निदेशक,**
**(स्कूल शिक्षा) भरतपुर सम्भाग,**
**भरतपुर।**

विषयः– राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड II (मा.शि.) प्रतियोगी परीक्षा, 2013 विषय हिन्दी मुख्य सूची (नॉन–टीएसपी) में चयनित एवं अभिस्तावित अभ्यर्थी को संभाग आवंटन एवं नियुक्ति के सम्बन्ध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक 10.09.2012

उपर्युक्त विषयान्तर्गत राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड II (मा.शि) प्रतियोगी परीक्षा, 2011 विषय हिन्दी में चयनित एवं अभिस्तावित अभ्यर्थियों को इस कार्यालय के प्रासंगिक पत्र द्वारा सम्भाग आवंटन किया जाकर पदस्थापन हेतु आपके सुपूर्द किया गया।

उक्त क्रम में राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के पत्र क्रमांक एफ 6 (4) परीक्षा 'घ'/व.अ./ग्रेड–II(मा.शि.)/2013–14/14 दिनांक 26.06.2023 द्वारा एस.बी. सिविल याचिका संख्या 723/2016 में माननीय न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 05.10.2021 की अनुपालना में वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड II (मा.शि.) प्रतियोगी परीक्षा, 2011 विषय हिन्दी में निम्नांकित अभ्यर्थी की पात्रता (सशर्त पात्र) बहाल कर पूर्व में घोषित परिणाम के क्रम में प्राप्तांकों के आधार पर मुख्य मेरिट सूची में प्रतिस्थापित कर, पात्रता स्पष्ट कर पदस्थापन की अभिस्तावना इस कार्यालय को प्राप्त हुई है।

अतः निम्नांकित अभ्यर्थी का सम्भाग आवंटन किया जाकर निर्देशित किया जाता है कि उक्त अभ्यर्थियों को इस कार्यालय के प्रासंगिक पत्र दिनांक 10.09.2012 एवं समय–समय पर इस कार्यालय द्वारा जारी दिशा–निर्देशों एवं शर्तों के अध्यधीन काउंसलिंग दिनांक 3/10/2023 को आयोजित कर उसी दिन नियुक्ति आदेश जारी किये जावें तथा कार्यग्रहण की अन्तिम तिथि 25/10/23 रखी जावें एवं जारी नियुक्ति आदेश की प्रति विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाकर प्रति संस्थापन एफ–अनुभाग की ई–मेल आई.डी. ad.esttf.dse@rajasthan.gov.in पर अनिवार्य रूप से भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।

| विषय | रोल नं. | मेरिट नं. | नाम अभ्यर्थी | जन्मतिथि | स्थाई पता | वर्ग | चयन वर्ग | आवंटित मण्डल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| HINDI | 302506 | 1717-A | DILBAG SINGH | 03-04-1965 | गांव–देवावास, तहसील–तोशाम, जिला–भिवानी (हरियाणा) | GE,EX | GENM, EX | भरतपुर |

अभ्यर्थी द्वारा अपने काउंसलिंग/कार्यग्रहण के समय उपस्थित होने पर मूल दस्तावेजों से स्वप्रमाणित प्रतिलिपियों से मिलान कर लिया जावें। साथ ही आप द्वारा जारी किये जाने वाले नियुक्ति आदेश वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड II (मा.शि.) प्रतियोगी परीक्षा, 2011 के प्रकरण में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर में दायर डी.बी. स्पेशल अपील संख्या 165/2022 में पारित होने वाले अंतिम निर्णय के अध्याधीन रहेगी।

उक्त अभ्यर्थी के आवेदन पत्र लिए जाने हेतु आपके कार्यालय के संस्थापन लिपिक को निदेशालय के मुख्य प्रशासनिक भवन के कमरा नम्बर–11 में काउंसलिंग तिथि से पूर्व अनिवार्य रूप से भिजवाने की व्यवस्था करावें।

**(काना राम)**
**आई.ए.एस.**
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।
2. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग कार्यालय हाजा को प्रति भेजकर निर्देशित किया जाता है कि वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड II (मा.शि) प्रतियोगी परीक्षा, 20141 विषय हिन्दी में चयनित अभ्यर्थियों के सम्भाग आवंटन के आदेश विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करावें।
3. शाला दर्पण प्रभारी संस्थापन एफ अनुभाग को शाला दर्पण पोर्टल पर मेपिंग सम्बन्धी कार्यवाही हेतु।
4. संबंधित अभ्यर्थी................

निदेशक

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation : Director
Date: 2023.09.25 2?:25:33 IST
Reason: Approved

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

RajKaj Ref No. : 4734946